प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 सोमवार** **दिनांक 25.05.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में छत्तीसगढ़ के गोडबोले दंपति सहित छियासठ विशिष्ट लोगों को वर्ष–दो हजार छब्बीस के पद्म पुरस्कार प्रदान किए।

2– केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने स्पष्ट किया कि समान नागरिक संहिता से जनजातीय समाज की परंपराओं और अधिकारों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

3– प्रदेश में नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के आम और उपचुनाव के तहत छह सौ बत्तीस अभ्यर्थी चुनावी मैदान में–एक जून को होगा मतदान।

और

4– पेट्रोल की कीमतों में आज दो रुपये इकसठ पैसे और डीजल में दो रुपये इकहत्तर पैसे की बढ़ोत्तरी की गई।

..........

## रामचंद्र/सुनीता गोडबोले–पद्मश्री

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में छियासठ विशिष्ट लोगों को वर्ष–दो हजार छब्बीस के पद्म पुरस्कार प्रदान किए। इनमें छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के रामचंद्र गोडबोले और सुनीता गोडबोले को संयुक्त रूप से चिकित्सा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

समारोह में उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी मौजूद थे।

## जनजाति सांस्कृतिक समागम

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कल नई दिल्ली में भगवान बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती वर्ष पर आयोजित जनजाति सांस्कृतिक समागम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह समागम आने वाले वर्षों में जनजातीय महाकुंभ के रूप में वैष्विक पहचान बनाएगा। श्री शाह ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जनजातीय समाज को अपनी संस्कृति, धर्म और जल–जंगल–जमीन की रक्षा का संदेष दिया था। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार जनजातीय समाज के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। जनजातीय कल्याण का बजट अट्ठाईस हजार करोड़ रुपये से बढ़ाकर डेढ़ लाख करोड़ रुपये किया गया है। उन्होंने कहा कि नक्सल हिंसा में बड़ी संख्या में जनजातीय लोगों की जान गई, लेकिन सरकार ने नक्सलवाद पर प्रभावी नियंत्रण पाया है। गृह मंत्री ने स्पष्ट किया कि समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी से जनजातीय समाज की परंपराओं और अधिकारों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने लोगों से भ्रांतियों से बचने और एकजुट होकर विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने की अपील की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि जनजातीय समाज दुनिया को प्रकृति के साथ संतुलित विकास का मार्ग दिखा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समाज भारत की सांस्कृतिक आत्मा का सबसे प्राचीन और जीवंत स्वरूप है। उन्होंने जनजातीय भाषा, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि राज्य सरकार गोंडी, हल्बी और सादरी जैसी भाषाओं में प्रारंभिक षिक्षा को बढ़ावा दे रही है। श्री साय ने कहा कि आदि परब, बस्तर पंडुम और बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजन जनजातीय पहचान और प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच दे रहे हैं।

**पेट्रोल/डीजल–कीमत**

पेट्रोल की कीमतों में आज दो रुपये इकसठ पैसे और डीजल में दो रुपये इकहत्तर पैसे की बढ़ोत्तरी की गई है। पेट्रोल और डीजल के मूल्य में यह पिछले दो सप्ताह में चौथी वृद्धि है। अब राजधानी रायपुर में पेट्रोल एक सौ सात रूपए छियानवे पैसे प्रति लीटर और डीजल एक सौ एक रूपए सत्रह पैसे प्रति लीटर मिल रहा है।

**बकरीद–अवकाश**

केंद्र सरकार ने ईद–उल–अज़हा यानी बकरीद के अवसर पर घोषित अवकाश में बदलाव किया है। सभी केंद्रीय कार्यालयों, विभागों और सरकारी संस्थानों में सत्ताईस मई की बजाय अब अट्ठाईस मई को अवकाश रहेगा। यह निर्णय चांद दिखने की संभावित तारीख और त्यौहार मनाने के शेड्यूल को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

## त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव

प्रदेश में नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के आम और उपचुनाव के तहत एक जून को मतदान होगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अभ्यर्थियों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। नगरीय निकायों में कुल दो सौ चालीस तथा त्रि–स्तरीय पंचायतों में कुल तीन सौ बयानवे अभ्यर्थी चुनावी मैदान में हैं।

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने बताया कि त्रि–स्तरीय पंचायतों में पंच के छह सौ चालीस पदों और सरपंच के पन्द्रह पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। जबकि जनपद सदस्य के सभी दस पदों के लिए कुल इकतालीस उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, नगरीय निकायों में सभी रिक्त पदों पर न तो कोई नामांकन निरस्त हुआ और न ही कोई निर्विरोध निर्वाचन हुआ है।

## इबोला संक्रमण–स्वास्थ्य विभाग

स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश में इबोला संक्रमण की रोकथाम को लेकर जरूरी निर्देश जारी किए हैं। संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा जारी निर्देश में एयरपोर्ट पर आने वाले यात्रियों की स्वास्थ्य जांच, संदिग्ध मामलों की पहचान और आपातकालीन प्रबंधन व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है।

गौरतलब है कि कांगो और युगांडा में इबोला संक्रमण के बढ़ते मामलों के बाद दुनियाभर में सतर्कता बढ़ाई गई है।

## उर्वरक–भंडारण

केन्द्रीय उर्वरक विभाग की अतिरिक्त सचिव अपर्णा एस शर्मा ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के बावजूद देश में उर्वरकों का भंडार पर्याप्त और संतोषजनक स्थिति में है। इस वर्ष का आकलन तीन सौ नब्बे लाख मीट्रिक

टन है। वर्तमान भंडार दो सौ लाख मीट्रिक टन है, जो सामान्य स्तर से अधिक है। उन्होंने कहा कि संकट के बाद घरेलू उत्पादन और उर्वरक आयात में काफी वृद्धि हुई है।

**बाल सक्षम नीति–विशेष अभियान**

राज्य शासन द्वारा **"बाल सक्षम नीति–दो हजार बाईस''** के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक से तीस जून पूरे प्रदेश में विशेष सघन अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान सड़क पर रहने वाले, भिक्षावृत्ति, बाल श्रम और अपशिष्ट संग्रहण में लगे बच्चों की पहचान कर उनका रेस्क्यू, पुनर्वास और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। इस अभियान के तहत कलेक्टरों के नेतृत्व में सभी जिलों में विशेष रेस्क्यू टीम गठित की जाएगी। विभिन्न विभागों के अधिकारियों को वार्ड और संकुल स्तर पर जिम्मेदारी देकर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि अभियान का लाभ अंतिम जरूरतमंद बच्चे तक पहुंचे।

**एनटीए–संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एन.टी.ए. ने अट्ठाईस मई को होने वाली संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा की तारीख आगे बढ़ा दी है। एजेंसी ने कहा कि बकरीद की तिथि में बदलाव के कारण यह निर्णय लिया गया है। संशोधित परीक्षा तिथि की सूचना जल्द ही दी जाएगी। ताजा जानकारी के लिए विद्यार्थी, एनटीए की आधिकारिक वेबसाईट देख सकते हैं।

**दुर्घटना**

बलरामपुर जिले में सनावल रोड स्थित ग्राम पीपरपान के पास एक सड़क हादसे में चार युवकों की मौत हो गई। ये चारों युवक कल शाम एक बाइक पर सवार होकर बाजार से लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक

सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली से जा टकराई। इससे दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो अन्य युवकों ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

**चयन ट्रायल**

खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रथम बस्तर आवासीय खेल अकादमी में प्रवेश के लिए राज्य स्तरीय चयन ट्रायल की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके तहत तीरंदाजी, फुटबॉल और एथलेटिक्स खेल विधाओं के लिए अट्ठाईस और उनतीस मई को क्रीड़ा परिसर धरमपुरा जगदलपुर में चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा। चयन प्रक्रिया में तेरह से सत्रह वर्ष आयु वर्ग के बालक और बालिका खिलाड़ी भाग ले सकेंगे।

**झीरम–श्रद्धांजलि**

झीरम घाटी में कांग्रेस नेताओं पर हुए हमले को आज तेरह वर्ष हो गए हैं। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने रायपुर स्थित कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में झीरम घाटी में शहीद हुए नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।

गौरतलब है कि पच्चीस मई दो हजार तेरह को बस्तर संभाग की झीरम घाटी में माओवादियों द्वारा किए गए हमले में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं और सुरक्षा बल के जवानों सहित करीब तीस लोगों की मौत हो गई थी।

**मौसम**

आज से नवतपा शुरू हो गया है। वहीं, इन दिनों प्रदेश के विभिन्न इलाकों में भीषण गर्मी से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री वाणी ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कई इलाकों में ग्रीष्मलहर चलने और एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है।

**संक्षिप्त समाचार**

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से उनके निवास पर मुलाकात की। इस दौरान जनहित, सुशासन, शहरी विकास, सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार तथा राज्यों के बीच बेहतर समन्वय जैसे विषयों पर चर्चा हुई।

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद् की बैठक कल छब्बीस मई को शाम छह बजे नवा रायपुर अटल नगर स्थित मंत्रालय में होगी।

– बेमेतरा जिले के साजा में एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने एक पटवारी को पन्द्रह हजार रूपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

– खैरागढ़–छुईखदान–गंडई जिले के विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कथित पार्टी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग ने दो कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है।

– धमतरी जिले में कृषि विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर एक उर्वरक विक्रेता का लाइसेंस तत्काल निलंबित कर दिया है। वहीं, कुछ अन्य निजी और सहकारी विक्रय केन्द्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

– गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा कल छब्बीस मई को सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी।

और

– बलौदाबाजार–भाटापारा जिले के बारनवापारा अभयारण्य क्षेत्र में दंतैल हाथी के हमले से एक ग्रामीण की मृत्यु हो गई। वन विभाग द्वारा मृतक के परिजनों को तात्कालिक सहायता राशि पच्चीस हजार रुपए प्रदान की गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>